राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राजभवन में चंग की थाप पर सजा फाग का राग

राज्यपाल से धूलण्डी पर विशिष्ट एवं आमजन ने की मुलाकात

जयपुर, 25 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की उपस्थिति में राजभवन में सोमवार को धुलंडी पर चंग की थाप पर राजस्थानी लोक गीतों पर फाग का राग सजा। इस दौरान कलाकारों ने होली से जुड़े सांस्कृतिक सरोकारों में गीत, संगीत, नृत्य की प्रस्तुतियां संग एक दूसरे के रंग - अबीर लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने धुलंडी की शुभकामनाएं स्वीकारते आगंतुकों से गुलाल लगवाई और अपनी ओर से भी गुलाल लगा रंग पर्व की स्वस्तिकामना दी।

राजभवन में सोमवार प्रातः से ही चंग की थाप पर गीत, नृत्य का रंग जमने लगा था। धुलंडी पर विशिष्टजन, आमजन तथा राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने भी आगंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने होली पर सभी के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की ।